Helpline 1064 | 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- एसीबी कोर्ट ने जे जे एम मिशन घोटाले मे आरोपी सुबोध अग्रवाल सहित अन्य तीन आरोपियों के खिलाफ जारी किए गिरफ्तारी वारंट
- गिरफ्तारी के लिए **ACB** के लगातार प्रयास जारी।

जयपुर, दिनांक,13 मार्च 2026, शुक्रवार। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) से संबंधित जे जे एम प्रकरण में एसीबी कोर्ट संख्या–1 द्वारा मुकदमा संख्या 245/24 में आरोपी सुबोध अग्रवाल, जीतेन्द्र शर्मा, संजीव गुप्ता एवं मुकेश गोयल के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए हैं।

उक्त प्रकरण में एसीबी द्वारा न्यायालय के आदेशों की पालना में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अथक प्रयास किए जा रहे हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है।

यदि न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट की तामील नहीं हो पाती है, तो न्यायालय से आरोपियों की संपत्ति कुर्क करने के आदेश जारी किए जाने की कार्यवाही की जाएगी।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा इस प्रकरण में अग्रिम कानूनी कार्यवाही जारी है तथा आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय के आदेशों की पूर्ण पालना सुनिश्चित की जा रही है।